वर्ष :-1 अंक:-335 18, जनवरी,2026 रविवार

अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

नालंदा का नंबर -1 डिजिटल अखबार www.apnanalanda.com




## जैतपुर गांव में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया गया

थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी प्रखंड अंतर्गत जैतपुर पंचायत के जैतपुर गांव में प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सरकारी सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया। यह कार्रवाई अंचलाधिकारी के नेतृत्व में बुलडोजर चलाकर की गई, जिससे अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया।

प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच सरकारी गैरमजरुआ आम जमीन से अतिक्रमण हटाया गया। बताया गया कि उक्त भूमि पर उमेश कुमार, रंजीत कुमार, श्रवण कुमार सहित कुल आठ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण किया गया था।

अंचलाधिकारी चेतना कुमारी ने बताया कि थरथरी प्रखंड के सभी गांवों में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक गांव में अतिक्रमण वाद संख्या दर्ज की गई है, ताकि सरकारी भूमि को चिन्हित कर नियमानुसार अतिक्रमणमुक्त कराया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और किसी भी प्रकार का अवैध



कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में प्रशासनिक सख्ती का संदेश गया है। मौके पर राजस्व कर्मचारी भोला कुमार, राकेश कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे, जिन्होंने अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया में सहयोग किया।

## राष्ट्रीय पैरा पावरलिफ्टिंग में बिहार का शानदार आगाज़, नालंदा के सन्नी बने स्वर्ण विजेता

हरनौत (अपना नालंदा)। 23वीं सीनियर, 18वीं जूनियर एवं 2वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025–26 में बिहार ने पहले ही दिन मजबूत दावेदारी पेश की है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बिहार राज्य की 21 सदस्यीय टीम उत्तराखंड गई है। प्रतियोगिता 16 से 18 जनवरी तक उत्तराखंड राज्य के रुड़की स्थित सीओईआर यूनिवर्सिटी, वर्धमानपुरम में आयोजित की जा रही है।

इस चैंपियनशिप के लिए बिहार से कुल 21 सदस्यीय दल का चयन किया गया है, जिसमें 15 खिलाड़ी, कोच, टीम मैनेजर, एस्कॉर्ट एवं एचओडी शामिल हैं। चयनित खिलाड़ी राज्य के विभिन्न जिलों से हैं, जिन्होंने राज्य और क्षेत्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्थान बनाया है।

बिहार पैरा पावरलिफ्टिंग टीम के कोच एवं टीम अधिकारी कुंदन कुमार पांडे ने बताया कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर साबित करने का सुनहरा अवसर है। टीम पूरी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरी है।

प्रतियोगिता के पहले दिन बिहार के लिए बड़ी उपलब्धि सामने आई। नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड अंतर्गत डीहरीगढ़ गांव निवासी सन्नी कुमार ने 54 किलोग्राम भार वर्ग में 45 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीत लिया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल नालंदा बल्कि पूरे बिहार में खुशी की लहर है।

नालंदा पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिन्हा ने सन्नी कुमार को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता अन्य




पैरा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। सीमित संसाधनों के बावजूद बिहार के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, जो गर्व की बात है।

## तेज आवाज में डीजे बजाने पर पुलिस ने किया जब्त, परीक्षा में व्यवधान

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय बाजार के रांची रोड स्थित लोयोला स्कूल के मुख्य गेट के पास तेज आवाज में डीजे बजाने के मामले में पुलिस ने एक डीजे ट्रॉली को जब्त किया है। यह कार्रवाई परीक्षा के दौरान शांति भंग होने की शिकायत के बाद की गई।

लोयोला स्कूल के प्राचार्य फादर आसीत लाकड़ा ने बताया कि विद्यालय में दसवीं कक्षा की परीक्षा चल रही थी, जिसका समापन गुरुवार को हुआ। वहीं, आगामी माह में सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा भी प्रस्तावित है। परीक्षा समाप्त होने की खुशी में कुछ छात्रों द्वारा एक डीजे संचालक को बुलाया गया, जिसने बिना किसी अनुमति के स्कूल गेट के पास तेज आवाज में डीजे बजाना शुरू कर दिया।

बताया गया कि दसवीं कक्षा के कुछ छात्र अपने-अपने बैग डीजे ट्रॉली पर रखकर तेज संगीत के साथ सड़क पर घूमने लगे, जिससे स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्र में शोरगुल की स्थिति उत्पन्न हो गई। इससे परीक्षा में व्यवधान की आशंका को देखते



हुए विद्यालय के शिक्षकों ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे डायल 112 के एएसआई मो. तस्लीम ने बताया कि स्कूल गेट के पास बिना अनुमति के तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था, जो नियमों का उल्लंघन है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डीजे को जब्त कर थाना को सौंप दिया।

इस संबंध में विद्यालय प्रशासन द्वारा थाने में लिखित आवेदन भी दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## 34 साल पुराने हत्या मामले में चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। कहा जाता है कि न्याय में देरी भी अन्याय के समान होती है, लेकिन 34 वर्ष पुराने एक हत्या मामले में हिलसा व्यवहार न्यायालय का हालिया फैसला यह दर्शाता है कि कानून भले ही देर करे, पर अंततः न्याय की आवाज कमजोर नहीं पड़ती। इस फैसले ने एक ओर कानून की दृढ़ता को रेखांकित किया है, तो दूसरी ओर न्यायिक प्रक्रिया की लंबी अवधि पर भी सवाल खड़े किए हैं।


हिलसा व्यवहार न्यायालय के प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार पांडे की अदालत ने थरथरी थाना कांड संख्या 375/91 में सुनवाई पूरी होने के बाद चार अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में नामजद तीन अन्य अभियुक्तों की लंबी सुनवाई के दौरान पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी है। न्यायालय ने थरथरी थाना क्षेत्र के कझियावां गांव निवासी अर्जुन गोप, धुरी गोप, करेली गोप एवं कारु उर्फ विजेंद्र गोप को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं प्रत्येक पर 25-25 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड अदा नहीं करने की स्थिति में पांच माह का



अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। इसके अतिरिक्त आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत अर्जुन गोप एवं धुरी गोप को तीन-तीन वर्ष का कारावास एवं 10-10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राजाराम सिंह ने मजबूत तर्क प्रस्तुत करते हुए कठोर दंड की मांग की। बताया जाता है कि यह जघन्य हत्या 11 नवंबर 1991 की सुबह पुरानी दुश्मनी के कारण श्यामशरण प्रसाद की कर दी गई थी।

तीन दशकों से अधिक समय तक चले इस मुकदमे ने यह संदेश दिया है कि न्याय की राह भले ही लंबी हो, लेकिन अंततः सच की जीत होती है।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर .........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number BRERAP19200101102525043 2E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# मिरदाहाचक में कैंसर स्क्रीनिंग शिविर, 70 से अधिक लोगों की जांच




हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय प्रखंड के एपीएचसी मिरदाहाचक परिसर में शनिवार को कैंसर स्क्रीनिंग एवं जागरूकता अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का लाभ दर्जनों ग्रामीणों ने उठाया। कार्यक्रम सिविल सर्जन के निर्देशानुसार होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, मुजफ्फरपुर के बैनर तले आयोजित किया गया।

पीएचसी प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समय रहते जांच कर रोग की पहचान करना है। शिविर में शामिल विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों को कैंसर के लक्षण, कारण, बचाव और समय पर जांच की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

जिले से आए तकनीकी पदाधिकारी डॉ. जिक्रा ने बताया कि कैंसर एक जटिल बीमारी है, जो कई बार बिना किसी स्पष्ट लक्षण के वर्षों तक शरीर में पनपती रहती है। कई बार इसके लक्षण सामान्य बीमारियों से मिलते-जुलते होते हैं। उन्होंने कहा कि यदि शरीर में कोई असामान्य बदलाव दो सप्ताह से अधिक समय तक बना रहे, तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करना चाहिए।

एपीएचसी मिरदाहाचक के प्रभारी डॉ. अनिरुद्ध प्रसाद ने बताया कि शिविर के दौरान 70 से अधिक लोगों की ओरल एवं ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। इस कार्यक्रम में जिले से आई पेशेंट नेविगेटर मंजूला, केंद्र के जीएनएम नीरज, एएनएम मनीषा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने सक्रिय सहयोग किया। महिलाओं को शिविर तक लाने में जीविका दीदियों की भी अहम भूमिका रही।

# नगरनौसा में बुधन महतो के श्राद्ध में विधायक हरिनारायण सिंह ने दी श्रद्धांजलि



नगरनौसा (अपना नालंदा)। नगरनौसा प्रखंड के कच्छियामा ग्राम में अरविंद कुमार के पिता स्वर्गीय बुधन महतो के श्राद्ध कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

श्राद्ध कार्यक्रम में हरनौत विधायक हरिनारायण सिंह, जिला जदयू उपाध्यक्ष अनिल कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सतीश चंद्र प्रसाद, जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष सतेन्द्र ठाकुर, कैला पंचायत के पैक्स अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया शम्भू कुमार एवं उप मुखिया जितेन्द्र प्रसाद उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों ने स्वर्गीय बुधन महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर विधायक हरिनारायण सिंह ने कहा कि स्वर्गीय बुधन महतो एक सरल, कर्मठ और समाजसेवी प्रवृत्ति के व्यक्ति थे, जिनका जाना परिवार एवं समाज दोनों के लिए अपूरणीय क्षति है।

उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा समाज उनके साथ खड़ा है। अन्य वक्ताओं ने भी दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की कामना की।

श्राद्ध कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।






# प्रखंड कार्यालय में बीएलबीसी बैठक आयोजित, बैंक शाखाओं की प्रगति की समीक्षा




हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित बीडीओ कक्ष में शनिवार को बीएलबीसी (ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमेटी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. पंकज कुमार ने की। इस बैठक में विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रबंधक एवं बैंक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान बीडीओ डॉ. पंकज कुमार ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण, वित्तीय समावेशन, कृषि ऋण, स्वरोजगार योजनाओं तथा अन्य बैंकिंग कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके।

बीडीओ ने कहा कि सरकार की मंशा है कि पात्र लाभुकों को समय पर और बिना किसी कठिनाई के ऋण एवं बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसके लिए बैंक और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जाए तथा लाभुकों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।बैठक का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं को सुदृढ़ बनाना, सरकारी योजनाओं की समीक्षा करना और क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति देना रहा। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों ने भी अपने-अपने सुझाव रखे और समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया।

# बिहारशरीफ में स्थानीय उपासना गृह कार्यक्रम, समाजिक समरसता पर दिया गया संदेश



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शनिवार को बिहारशरीफ स्थित स्थानीय उपासना गृह परिसर में एक गरिमामय एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 150 से अधिक लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में सामाजिक, प्रशासनिक, राजनीतिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र से जुड़े विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर सांसद, विधायक, कार्यपालक अभियंता, मानपुर थाना प्रभारी, वास्तुकार, प्रोजेक्ट मैनेजर, प्रोजेक्ट इंचार्ज, काउंसलर, क्षेत्रीय बहाई परिषद (आरबीसी), एबीएम, बहाई प्रेरित संस्थाओं के प्रतिनिधि, कम्युनिटी लायजन टीम, फैसिलिटी टीम, एलएसए हरगावां, तेतरावां, चौरसुआ सहित विभिन्न समुदायों से आए बहाई मित्र एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थनाओं एवं पवित्र लेखों के पाठ से हुई, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक, शांतिपूर्ण एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। सेवा, उपासना एवं सामाजिक समरसता के महत्व पर काउंसलर द्वारा सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बिहारशरीफ का स्थानीय उपासना गृह नालंदा जिले की सांस्कृतिक सुंदरता एवं गरिमा में वृद्धि करेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि उपासना गृह के निर्माण एवं संचालन में हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

सांसद ने स्पष्ट कहा कि उपासना गृह में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर सड़क, आवागमन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे।


यह कार्यक्रम एक साझा मंच के रूप में आयोजित किया गया, जहां प्रशासनिक अधिकारी, राजनीतिक प्रतिनिधि एवं आध्यात्मिक संगठनों के सदस्य समाज के समग्र विकास एवं बेहतर भविष्य को लेकर एकजुट होकर विचार-विमर्श करते नजर आए।







# पंचायत समिति बैठक में पैक्स, आंगनबाड़ी और जल-नल योजनाओं पर चर्चा



विजय प्रकाश उर्फ पिन्नु,नूरसराय (अपना नालंदा)। नूरसराय प्रखंड सभागार में शनिवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रेखा देवी ने की। बैठक में पंचायत क्षेत्र से जुड़े विभिन्न जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान पंचायत समिति सदस्य मनोज चौधरी ने पैक्स में किसानों के नाम नहीं जुड़े होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कई पात्र किसानों का नाम अब तक पैक्स सूची में शामिल नहीं किया गया है, जिससे उन्हें खाद, बीज और अन्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने मांग की कि सभी योग्य किसानों के नाम शीघ्र पैक्स में जोड़े जाएं।

वहीं बाराखुर्द पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अजय कुमार ने सदन में आंगनबाड़ी केंद्रों की बदहाल स्थिति का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि नूरसराय प्रखंड में लगभग 200 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, लेकिन इनमें नैनिहालों को नियमित रूप से पोषाहार नहीं दिया जा रहा है। साथ ही छोटे बच्चों को दूध भी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जो गंभीर चिंता का विषय है।

मुखिया संघ के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू मुखिया ने बैठक में जल-नल योजना को दुरुस्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कई पंचायतों में योजना सही ढंग से काम नहीं कर रही है, जिससे लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

बैठक में उपप्रमुख अविनाश कुमार, बीडीओ जियाउल हक, सीओ दीपक कुमार, आरडीओ नीतीश पाठक, एमओ रोहित आनंद सहित कई पंचायत प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। अध्यक्ष द्वारा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए।

# डायट नालंदा में जिला स्तरीय पीबीएल विज्ञान मेला प्रतियोगिता संपन्न





विजय प्रकाश उर्फ पिन्नु,नूरसराय (अपना नालंदा)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नालंदा के नूरसराय परिसर में जिला स्तरीय पीबीएल (प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग) विज्ञान मेला प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें प्रभारी प्राचार्य डॉ. मो. सरफराज आलम, कार्यक्रम समन्वयक मो. महफूज आलम, सह-संयोजक अनिल कुमार, एचपीपीआई डायट को-ऑर्डिनेटर डॉ. अनूप कुमार सिंह सहित संस्थान के व्याख्याताओं ने संयुक्त रूप से भाग लिया।

प्रतियोगिता में नालंदा जिले के 20 प्रखंडों में से 17 प्रखंडों के विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने भाग लिया और विज्ञान विषय से संबंधित नवाचारपूर्ण प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। मूल्यांकन कार्य में डायट व्याख्याता मो. महफूज आलम, अनिशा भारती, मो. शफ़ीक, शशिभूषण आनंद तथा डॉ. अनूप कुमार सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

विज्ञान मेला प्रतियोगिता में एक वर्ग में प्रथम स्थान उच्च माध्यमिक विद्यालय असरफपुर (नगरनौसा), द्वितीय स्थान मध्य विद्यालय नेपुरा (अस्थावां) तथा तृतीय स्थान उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठरी (एकंगरसराय) की टीम ने प्राप्त किया। वहीं दूसरे वर्ग में प्रथम स्थान उच्च माध्यमिक विद्यालय शादिकपुर (एकंगरसराय), द्वितीय स्थान उच्च माध्यमिक विद्यालय धनुकी (सरमेरा) और तृतीय स्थान मध्य विद्यालय नेपुरा (अस्थावां) को मिला।

कार्यक्रम के दौरान डायट के प्रशिक्षुओं ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। मंच संचालन का दायित्व डॉ. ओमप्रकाश एवं अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से निभाया। समापन अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. मो. सरफराज आलम ने सफल प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।



अपना नालंदा
अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा
रविवार
18, जनवरी,2026


# बेन में जीविका कटिंग-सिलाई सेंटर का डीएम ने किया निरीक्षण



बेन(अपना नालंदा)। शनिवार को नालंदा के जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बेन प्रखंड अंतर्गत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जीविका योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित कटिंग-सिलाई सेंटर की कार्यप्रणाली का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के क्रम में बताया गया कि बिहार सरकार की पहल "जीविका" के अंतर्गत ICDS विभाग के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) किया गया है, जिसके माध्यम से राज्य की ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। इसके तहत नालंदा जिले के 20 प्रखंडों में लगभग एक हजार जीविका दीदियों को सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया है। बेन प्रखंड में नालंदा जिला स्तरीय कटिंग सेंटर की स्थापना की गई है।

इस कटिंग सेंटर में कुल 155 विद्युत चालित सिलाई मशीनें स्थापित की गई हैं। यहां से नालंदा जिले के सभी 20 प्रखंडों एवं कुछ अन्य जिलों के लिए आंगनबाड़ी बच्चों की पोशाक की कटिंग की जाएगी। कटिंग किए गए कपड़े संबंधित प्रखंडों एवं जिलों में स्थित सिलाई केंद्रों को भेजे जाएंगे, जहां दो सेट स्कूल ड्रेस तैयार कर गुणवत्ता जांच के उपरांत ICDS विभाग (आंगनबाड़ी केंद्र) को उपलब्ध कराए जाएंगे।जिला स्तरीय कटिंग सेंटर को आवश्यक कच्चा माल जानकी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल से प्रत्येक प्रखंड में हजारों महिलाओं को रोजगार मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डीपीएम जीविका को निर्देश दिया कि कटिंग सेंटर में सभी सामग्री सुव्यवस्थित ढंग से रखी जाए तथा स्टोर रूम को पूरी तरह सिस्टमेटिक बनाया जाए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी हिलसा, डीपीएम जीविका, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# हिलसा में बिहार पेंशनर समाज की मासिक बैठक, पेंशनर समस्याओं पर हुई चर्चा



हिलसा (अपना नालंदा)। बिहार पेंशनर समाज की मासिक बैठक शनिवार को हिलसा शहर के देव नगर स्थित समाज के कार्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष रामजी प्रसाद ने की, जबकि संचालन का दायित्व संघ के सचिव सुरेंद्र रविदास ने निभाया। बैठक की शुरुआत संगठनात्मक विषयों पर चर्चा के साथ हुई।बैठक के दौरान आगामी 26 जनवरी को मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा, झंडोत्तोलन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा पेंशनर समाज की सक्रिय सहभागिता को लेकर सदस्यों ने अपने सुझाव रखे। सभी ने गणतंत्र दिवस को गरिमामय और अनुशासित ढंग से मनाने पर सहमति जताई।इसके अलावा जिला एवं राज्य स्तर से पेंशनरोंको मिलने वाले यात्रा भत्ता के भुगतान में आ रही कठिनाइयों पर भी चर्चा हुई। सदस्यों ने भुगतानमें अनावश्यक विलंब का मुद्दा उठाया, जिस पर संगठन की ओर से संबंधित विभागों से पत्राचारकरने का निर्णय लिया गया।बैठक में बिहार पेंशनर समाज की पत्रिका के प्रकाशन एवं नियमित वितरण पर भी विचार किया गया। सदस्यों ने सुझाव दिया कि पत्रिका के माध्यम से पेंशनरों की समस्याओं, अधिकारों और संगठनात्मक गतिविधियों को प्रमुखता से प्रकाशित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पेंशनरों तक सही जानकारी पहुंच सके।इसके साथ ही स्वास्थ्य सुविधाएं, पेंशन भुगतान में देरी, महंगाई राहत भत्ता सहित पेंशनरों से जुड़ी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में उपाध्यक्ष रामशरण सिंह एवं योगेंद्र प्रसाद सिंह, सह सचिव शशि भूषण प्रसाद, ब्रह्मदेव सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, राम बृजेश प्रसाद सहित कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष रामजी प्रसाद ने सभी सदस्यों से एकजुट होकर पेंशनरों के हित में कार्य करने का आह्वान किया।

# स्वच्छ भारत मिशन व लोहिया अभियान की प्रगति पर डीडीसी नालंदा सख्त



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा के उप विकास आयुक्त शुभम कुमार द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों और पदाधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायतों को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन मद में व्यय की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र समय पर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही पंचायत स्तर पर योजना के अनुरूप किए गए व्यय के उपयोगिता प्रमाण पत्र शीघ्र समर्पित करने को कहा गया।उप विकास आयुक्त ने ODF मॉडल गांव के निर्धारित मानकों को पूर्ण करने वाले गांवों की पहचान कर उन्हें मॉडल गांव के रूप में चिह्नित करने का निर्देश दिया। निर्माणाधीन अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों को शीघ्र पूर्ण कराने पर भी विशेष जोर दिया गयाडिजिटल कम्युनिकेशन मॉनिटरिंग सिस्टम के तहत पंजीकृत परिवारों एवं हितधारकों को भेजे जा रहे स्वच्छता संबंधी संदेशों को व्हाट्सएप के माध्यम से साझा करने तथा उन संदेशों पर फीडबैक कॉल और गृह भ्रमण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। सभी योजनाओं में समग्र रूप से प्रगति लाने को कहा गया।इसके अतिरिक्त मनरेगा योजनाओं के अंतर्गत युक्तधारा पोर्टल पर योजनाओं की प्रविष्टि समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत चिन्हित परिवारों की सूची के सत्यापन में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में अजीत कुमार प्रसाद, निदेशक, पन्ना लाल, निदेशक (एनईपी), सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, जिला समन्वयक, जिला सलाहकार (सीबी एवं आईईसी), एसएलडब्ल्यूएम सलाहकार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# रैन बसेरा कवरेज के दौरान यूट्यूब पत्रकार से मारपीट, मोबाइल-माइक तोड़े गए



मोहम्मद जियाउद्दीन,इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर नगर परिषद के पुराने कार्यालय परिसर में स्थित अस्थायी रैन बसेरा की स्थिति की न्यूज़ कवरेज करने पहुंचे एक यूट्यूब पत्रकार के साथ नगर परिषद में पदस्थापित सफाई निरीक्षक सह रैन बसेरा के देखरेखकर्ता द्वारा कथित रूप से दुर्व्यवहार, हाथापाई और धमकी देने का मामला सामने आया है।

घटना के संबंध में यूट्यूब चैनल नालंदा लहर के पत्रकार मो. आजिश ने बताया कि उन्हें किसी स्थानीय नागरिक द्वारा सूचना मिली थी कि पुराने नगर परिषद कार्यालय में संचालित रैन बसेरा का आश्रय बंद है। सूचना के आलोक में वे अपने कैमरामैन के साथ मौके पर पहुंचे, जहां रैन बसेरा का मुख्य गेट बंद पाया गया।

इसके बाद उन्होंने रैन बसेरा के देखभालकर्ता संतोष कुमार उर्फ पुटूस को मोबाइल फोन पर संपर्क कर आश्रय बंद रहने का कारण पूछा। आरोप है कि कुछ देर बाद संतोष कुमार मौके पर पहुंचे और गुस्से में गेट का ताला खोलते हुए पत्रकार के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। इसी दौरान उन्होंने पत्रकार के हाथ से मोबाइल फोन और माइक छीनकर जमीन पर पटक दिया, जिससे दोनों उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए।

पत्रकार का यह भी आरोप है कि दोबारा रैन बसेरा आने पर जान से मारने की धमकी दी गई। मामले की जानकारी मिलने पर हिलसा अनुमंडल पत्रकार संघ ने इसे गंभीरता से लिया। संघ के सचिव रवि ज्योति, जिला पत्रकार संघ के कोषाध्यक्ष मो. जियाउद्दीन, पत्रकार अजीत केसरी एवं फजल मो. आज ने पीड़ित पत्रकार के साथ इस्लामपुर थाना अध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय से मुलाकात कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए लिखित आवेदन सौंपा है।

# नालंदा कांग्रेस संगठन मजबूत करने को कई नेताओं ने ग्रहण की सदस्यता



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिला कांग्रेस कार्यालय राजेन्द्र आश्रम, बिहारशरीफ में शनिवार को कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा से प्रभावित होकर कई लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। यह कार्यक्रम नालंदा जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला के कुशल नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य संगठन को और अधिक सशक्त बनाना रहा।

इस अवसर पर श्री भोला पासवान एवं द्वारिका प्रसाद ने औपचारिक रूप से कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान पंचायती राज जिला अध्यक्ष रमेश पासवान, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैदर आलम, डॉ. अवधेश प्रसाद, अनिल कुमार चंद्रवंशी सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने नव-प्रवेशी सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी की विचारधारा और संगठनात्मक कार्यों से अवगत कराया।जिला अध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार आम जनता की समस्याओं को लेकर संघर्ष करती रही है और संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि उनके नेतृत्व में पूर्व में भी लगभग 32 लोग नालंदा जिला कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी एवं प्रियंका गांधी के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन संगठन को एकजुट होकर मजबूत बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

# वाहन चेकिंग में ई-रिक्शा से नौ लीटर चुलाई शराब बरामद, धंधेबाज गिरफ्तार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत चेरन पावर ग्रिड के समीप वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने एक ई-रिक्शा से नौ लीटर चुलाई शराब बरामद की है। शराब प्लास्टिक की बोतलों में रखी हुई थी और इसे अवैध रूप से बिक्री के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था।पुलिस ने मौके से ई-रिक्शा चालक अजय पासवान को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी डिहरा (मुढ़ारी) गांव का निवासी बताया जा रहा है। जांच के दौरान पाया गया कि ई-रिक्शा में कोई यात्री सवार नहीं था और वाहन में केवल शराब लदी हुई थी। बरामद ई-रिक्शा भी आरोपी अजय पासवान का ही बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि वाहन जांच के क्रम में ई-रिक्शा को रोका गया, तलाशी लेने पर उसमें छिपाकर रखी गई नौ लीटर चुलाई शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब को जब्त कर लिया है तथा ई-रिक्शा को भी जब्त कर थाना लाया गया है।

गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है तथा यह भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि शराब कहां से लाई गई थी और किन लोगों तक पहुंचाई जानी थी।

www.apnanalanda.com
अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर
नालन्दा का नंबर 1 अखबार

# बख्तियारपुर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पांच स्वतंत्रता सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

बख्तियारपुर (अपना नालंदा)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को अमर स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में आयोजित राजकीय समारोह में शामिल होने बख्तियारपुर पहुंचे। सुबह करीब 9:45 बजे मुख्यमंत्री का काफिला पटना–बख्तियारपुर फोरलेन होते हुए बख्तियारपुर जीरो माइल बाइपास पहुंचा।

मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर स्थित विभिन्न स्थानों पर स्थापित स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने गणेश +2 उच्च विद्यालय परिसर में स्थापित स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय डुमर सिंह, नया बाइपास सिंचाई कार्यालय के निकट शहीद नाथुन प्रसाद सिंह यादव, प्रखंड कार्यालय परिसर में शहीद मोगल सिंह, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वर्गीय पंडित शीलभद्र याजी तथा डाक बंगला परिसर में स्वर्गीय कविराज रामलखन सिंह वैद्य की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. सहित कई वरीय प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। डाक बंगला परिसर स्थित कविराज रामलखन सिंह गृह वाटिका में पूर्व एमएलसी रामचंद्र भारती ने



बताया कि यह राजकीय समारोह सरकार द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, ताकि स्वतंत्रता सेनानियों के शौर्य, बलिदान और योगदान को स्मरण रखा जा सके।श्रद्धांजलि कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री एवं अन्य विशिष्ट अतिथि बख्तियारपुर लोको कॉलोनी मैदान में बने हेलिपैड पहुंचे, जहां से मुख्यमंत्री समृद्धि यात्रा के लिए हेलिकॉप्टर से रवाना हो गए। कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। चौक-चौराहों, कार्यक्रम स्थलों और आसपास की इमारतों की छतों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

# मखाना क्षेत्र के आधुनिकीकरण पर मंथन, मशीनीकरण और डिजिटलीकरण पर जोर



सुजीत कुमार,पटना (अपना नालंदा)। पारंपरिक मखाना क्षेत्र को आधुनिक, तकनीक-आधारित और समावेशी इको-सिस्टम में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत "मखाना सेवा केंद्र के माध्यम से मशीनीकरण एवं मखाना इको-सिस्टम का डिजिटलीकरण" विषय पर एक दिवसीय कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ब्लैकनट एग्रीफूड मशीनरी प्रा. लि., सृष्टि फाउंडेशन एवं बिहार राज्य सहकारी मत्स्यजीवी सहकारी संघ (कॉफ्फेड) के संयुक्त तत्वावधान में नेशनल डॉल्फिन रिसर्च सेंटर (एनडीआरसी), पटना के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ।

मखाना (यूरियाले फेरॉक्स) बिहार में हजारों किसानों और पारंपरिक मछुआरा समुदायों की आजीविका का प्रमुख आधार है। बावजूद इसके, यह क्षेत्र आज भी कम मशीनीकरण, कटाई के बाद नुकसान, बिखरी हुई सेवा प्रणाली और डिजिटल एकीकरण की कमी जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। कॉन्क्लेव का उद्देश्य इन समस्याओं का समाधान "मखाना सेवा केंद्र" की अवधारणा के माध्यम से करना है, जो किसानों, मछुआरों, प्रोसेसरों और उद्यमियों के लिए एकीकृत वन-स्टॉप सहायता प्रणाली के रूप में कार्य करेगा। साथ ही "क्रॉप्टो" ऐप के जरिए मखाना इको-सिस्टम के डिजिटलीकरण पर भी जोर दिया गया।

कार्यक्रम में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, सहकारी संस्थाओं, अनुसंधान केंद्रों, कॉरपोरेट प्रतिनिधियों और निर्यात एजेंसियों के अधिकारियों ने भाग लिया।

कॉफ्फेड के प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप ने मखाना से जुड़े कई नीतिगत मुद्दों पर अपनी मांगें रखीं, जिनमें जीएसटी हटाना, बीमा, न्यूनतम समर्थन मूल्य, अनुदान और ऋण गारंटी शामिल हैं।

ब्लैकनट एग्रीफूड मशीनरी के संस्थापक ई.आर. वरुण गुप्ता ने कहा कि मशीनीकरण और डिजिटल एकीकरण मखाना क्षेत्र के सतत विकास के लिए अनिवार्य है।

यह कॉन्क्लेव बिहार को मखाना उत्पादन और प्रसंस्करण का राष्ट्रीय एवं वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# बेलछी में रोजगार सह मार्गदर्शन मेला आयोजित, 203 युवाओं को मिला ऑफर



सुजीत कुमार,पटना (अपना नालंदा)। पटना जिले के बेलछी प्रखंड स्थित प्रखंड सह अंचल परिसर में शनिवार को रोजगार सह मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। मेले का विधिवत उद्घाटन बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र के हजारों युवक-युवतियों एवं जीविका दीदियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति देखी गई।इस रोजगार मेले में कुल 18 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। रोजगार की तलाश में पहुंचे 1,547 युवक-युवतियों ने विभिन्न कंपनियों में आवेदन किया, जिनमें से प्रारंभिक चयन प्रक्रिया के बाद 203 अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किए गए। मेले में टाटा मोटर्स, टीसीआई इंस्टीट्यूट, ब्लिंकिट, पेटीएम, गार्डियन सिक्योरिटी, जेप्टो सहित कई नामी कंपनियां शामिल रहीं।

इनमें से कुछ चयनित युवाओं को वार्षिक 4 लाख 80 हजार रुपये तक का पैकेज प्राप्त हुआ, जिसका नियुक्ति पत्र स्वयंमाननीय मंत्री द्वारा प्रदान किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने जीविका दीदियों को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत मिलने वाले लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि जीविका के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और सामाजिक व आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।उन्होंने सभी चयनित युवक-युवतियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका) मुकेश कुमार सासमल, जॉब मैनेजर अरुण कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक कुणाल कुमार सहित जनप्रतिनिधि एवं जीविका कर्मी उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न हुआ।

# बिहार में शिक्षा सुधार पर मंथन, सिमुलतला–नेतरहाट मॉडल लागू करने की मांग



सुजीत कुमार,पटना (अपना नालंदा)। बिहार की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार को लेकर शनिवार को पटना में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण बिहार में सिमुलतला आवासीय विद्यालय एवं नेतरहाट विद्यालय जैसे सफल शैक्षणिक मॉडलों को लागू करने तथा सरकारी विद्यालयों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों के निर्माण पर गंभीर चर्चा की गई।

बैठक में वक्ताओं ने एकमत से कहा कि बिहार की शिक्षा संबंधी चुनौतियां केवल आधारभूत संरचना या योजनाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इसकी जड़ें संस्थागत गुणवत्ता, अनुशासन, शैक्षणिक संस्कृति और सक्षम शिक्षकों की कमी में हैं। सिमुलतला और नेतरहाट जैसे मॉडल यह प्रमाणित करते हैं कि यदि मेरिट आधारित चयन, आवासीय व्यवस्था और सुदृढ़ अकादमिक अनुशासन को ईमानदारी से लागू किया जाए, तो ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्र भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टप्रदर्शन कर सकते हैं।

बैठक में प्रत्येक जिले में आवासीय, अनुशासित और मूल्य-आधारित विद्यालय स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि शिक्षा सुधार की रीढ़ शिक्षक होते हैं, इसलिए विषय विशेषज्ञता, निरंतर प्रशिक्षण, नैतिकता और जवाबदेही से युक्त शिक्षक-निर्माण मिशन की शुरुआत अनिवार्य है।

बैठक में प्रो. के.सी. सिन्हा, डॉ. वी.के. सिन्हा, प्रो. शंकर कुमार, समाजसेवी शकील काकवी, कर्नल बजरंग सहित कई शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने कहा कि शिक्षा सुधार को बिहार की राजनीति और शासन का केंद्रीय एजेंडा बनाया जाना चाहिए। बैठक को भविष्य की शिक्षा नीति के लिए एक ठोस मार्गदर्शक के रूप में देखा जा रहा है।

# चार्टेड कॉमर्स फेस्ट 2026 में शिक्षा, नवाचार और युवा प्रतिभाओं का संगम



सुजीत कुमार,पटना (अपना नालंदा)। देश के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों में शामिल चार्टेड कॉमर्स द्वारा चार्टेड कॉमर्स फेस्ट 2026 का भव्य आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस आयोजन ने शिक्षा, नवाचार और युवा प्रतिभाओं को एक साझा मंच प्रदान करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया।

कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के निदेशक गौतम स्वर्ण ने किया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने कहा कि चार्टेड कॉमर्स फेस्ट केवल एक शैक्षणिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यावहारिक ज्ञान और उज्ज्वल करियर की दिशा में मार्गदर्शन देने का एक सशक्त मंच है। उन्होंने छात्रों से निरंतर सीखने, नवाचार अपनाने और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया।फेस्ट के दौरान विभिन्न शैक्षणिक सत्र, मोटिवेशनल टॉक्स, इंटरएक्टिव सेमिनार, टैलेंट शोकेस तथा विशेष सम्मान समारोह आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में देशभर से आए छात्रों, शिक्षकों और शिक्षा विशेषज्ञों ने सक्रिय भागीदारी की। सत्रों के माध्यम से करियर मार्गदर्शन, आधुनिक शिक्षा पद्धतियों और कॉमर्स क्षेत्र में उभरते अवसरों पर विस्तृत चर्चा की गई।चार्टेड कॉमर्स अपने उत्कृष्ट परिणामों, अनुभवी फैकल्टी और छात्र-केंद्रित शिक्षण पद्धति के लिए जाना जाता है। संस्थान लगातार कॉमर्स शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। चार्टेड कॉमर्स फेस्ट 2026 ने एक बार फिर यह प्रमाणित किया कि चार्टेड कॉमर्स क्यों देश के अग्रणी और भरोसेमंद कॉमर्स संस्थानों में शामिल है।